BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication .... Hari Bhoomi ....

Date 03/12/2024 .... Page .... 12 .... Column .... 03 ....

Subject .... एमडीयू युवा महोत्सव मे बीएमयू के छात्रों के पाया तृतीय स्थान

एमडीयू युवा महोत्सव में बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के छात्रों के पाया तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

एमडीयू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव में बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. एचएल वर्मा ने विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की लगन और कठिन परिश्रम का परिणाम है। हमारे छात्र भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे और विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाएंगे। इस युवा महोत्सव में 11 अलग-अलग विधाओं में 600 प्रतिभागियों के बीच हुए इस कड़े मुकाबले में बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय से खुशी, भावना, सागर, मोहित, मिलिंद और सतीश कुमार ने अपनी विशेष पहचान बनाई और विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया। विजेताओं को विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया।

रोहतक। युवा महोत्सव में विजेता रहे बच्चों के साथ बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉक्टर एचएल वर्मा।

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. मनोज कुमार, छात्र कल्याण विभाग के डॉ. सुधीर मलिक, कंप्यूटर साइंस के डीन डॉ. मुकेश सिंगला, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बनिता, सहायक प्रोफेसर डॉ. राहुल, डॉ. सोमवीर आर्य ने छात्रों के उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।